# तार समाचार

जुलाई-सितम्बर, 2018







The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited

# प्रबंध निदेशक की कलम से



प्रिय साथियों,

द्वितीय त्रैमासिक FY 19 में उत्पादन की दृष्टि से सभी विभागों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया है। रॉड मिल ने अपने वार्षिक शटडाउन को सुरक्षित तरीके से समय पर पूर्ण किया और साथ ही अब तक के शटडाउन माह में किया जाने वाले उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

वायर मिल टीम, वायर रॉड की गुणवत्ता से प्राप्त चुनौतियों के बावजूद अपने उत्पादन में स्थायित्व को बरकरार रखा है। बाइंडिंग वायर टीम भी लगातार सुधार करते हुए उत्पादन के दिए हुए लक्ष्य की ओर सफलतापूर्वक बढ़ रही है। मैं सभी कर्मचारियों को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूँ।

टी.पी.एम् कंसलटेंट श्री सुरजीत देब के भ्रमण के दौरन हमने टी.पी.एम् कंसिस्टेंसी अवार्ड को चुनौती देने के लक्ष्य के बारे में चर्चा किया। साथियों, टी.पी.एम् कोई अलग कार्य नहीं है बल्कि हमारे कार्य करने का तरीका है हमे अपने कार्य को टी.पी.एम् के बताये गए तरीकों के अनुसार करना है। इसमें हम सभी की सम्पूर्ण सहभागिता होनी अत्यंत आवश्यक है। मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ की आप सभी अपने कार्यशैली को टी.पी एम् के अनुसार कर अपने कंपनी, अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ठता हासिल करे।

आज सम्पूर्ण देश में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ रही है आई.एस.डब्लू.पी परिवार में भी हम महिला कर्मचारिओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ उनके प्रदर्शन को निखारने का काम भी कर रहे है। हमारी महिला कर्मचारिओं ने टाटा स्टील में आयोजित वाटर पोलो प्रतियोगिता में भागीदारी कर जीत हासिल की। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूँ और अच्छे भविष्य की कामना करता हूँ ।

हमारे लिए कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ अत्यंत महत्पूर्ण है, अपेक्षा करता हूँ की कर्मचारी कार्य के पश्चात सुरक्षित अपने परिवार के पास जाएँ। सुरक्षा एवं स्वास्थ के क्षेत्र में हमें अपने सिद्धांतों से किसी प्रकार की समझौता नहीं करना चाहिए। अपनी कंपनी को (इंजरी फ्री कंपनी) बनाना हमारा लक्ष्य है।

मैं कामना करता हूँ की आने वाले त्यौहार आप सभी के लिए मंगलमय हो। आप सभी को दशहरा एवं दीपावली की बहुत-बहुत बधाई।

शुभेच्छाओं के साथ



# नैतिकता (एथिक्स) माह

''नैतिक मूल्य अपनाये, जीवन को बेहतर बनाये''

आई.एस.डब्ल्यू पी में प्रत्येक वर्ष जुलाई माह नैतिकता माह के रूप में मनाया जाता है। यदि सभी लोग नैतिक गुणों को अपने जीवन में अपनाने लगे तो समाज की कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। इसी कोशिश से नैतिकता माह का शुभारम्भ 6 जुलाई 2018 को नैतिक प्रतिज्ञा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत थे। नैतिकता माह के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे जागरूकता प्रोग्राम, क्विज प्रतोयोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं लघुनाटिका प्रतियोगिता जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पॉश सम्बन्धी जानकारी भी कर्मचारियों और ठेका कर्मचारियों को ट्रेनिंग द्वारा दी गई। आयोजित कार्यक्रमों में विजई स्लोगन इस प्रकार थे :

| | हिंदी स्लोगन | | इंग्लिश स्लोगन | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम स्थान |  नाम : वी. के. वर्गीश<br>विभाग : वायर मिल | संस्कार बता देते है परिवार कैसा है,एथिक्स बता देती है इन्सान कैसा है." |  नाम : बिशाल खां<br>विभाग : पी.यु.सी. | "On certain things we have a very clear stand, We don't compromise with our Ethics that's our Brand." |
| द्वितीय स्थान |  नाम : सुनील कुमार सिंह<br>विभाग : रॉड मिल | ''क्या नैतिक क्या अनैतिक का जो करे बिचार ,जागरूकता और सत्यता की शक्ति उसमे रहे अपार." |  नाम : गुंचा अजीम<br>विभाग : पी.यु.सी. | We have followed our Ethics for very long, That makes our BRAND Powerful and strong. |
| तृतीय स्थान |  नाम : निरंजन सिंह<br>विभाग : वायर मिल | ''धनवान वो नही है जिसकी तिजोरी नोटों से भरी है,धनवान वो है जिसकी तिजोरी नैतिकता के गुणों से भरी है.'' |  नाम : सुजाता मित्रा<br>विभाग : टी.क्यू.एम. | 'Future is Bright' – When "ETHICS" is part of life. |









# HR गतिविधियाँ

## शिक्षा कार्यशाला



केंद्रीय बोर्ड (मिनिस्ट्री ऑफ लेबर्स एवं एम्प्लॉयमेंट गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) द्वारा आई.एस.डब्ल्यू.पी नॉलेज सेंटर में 19-20 जुलाई 2018 श्रमिक शिक्षा के लिए शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन के श्री.आर.के.गोप (शिक्षा अधिकारी) एवं श्री.एस.एन.ओझा (क्षेत्रीय प्रबंधक) द्वारा उत्कृष्टता, अनुवांशिक परिवर्तन के लिए टीमवर्क, पारस्परिक संबंध, संगठनात्मक प्रतिबद्धता, लागत घटाने की प्रक्रिया उत्पादकता वृद्धि में कर्मचारियों की अहम भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# उड़ान गतिविधियाँ

## सावन दिवस

हिन्दू धर्म में सावन माह अत्यंत महत्पूर्ण माना जाता है। सावन के उपलक्ष्य में 6 अगस्त 2018 को उड़ान टीम द्वारा सावन दिवस मनाया गया, जिसमे सभी महिला कर्मचारियों का वस्त्र थीम हरा था। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता एवं बेस्ट सावन ड्रेस प्रतयोगिता का आयोजन किया गया था।

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मनप्रीत श्रीवास्तव (टी. क्यू. एम) दूसरा पुरस्कार रीना कुमारी (इलेक्ट्रिकल), तीसरा पुरस्कार एकता सिंह (वायर मिल) एवं बेस्ट सावन ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गायत्री नारायण (प्रोक्योरमेंट), द्वितीय पुरस्कार सोनी गुप्ता (कमर्शियल), तीसरा पुरस्कार श्रीदेवी राव (एकाउंट्स) को प्राप्त हुआ।



## आत्मरक्षा कार्यक्रम

महिला कर्मचारियों की आत्मरक्षा सम्बन्धी जरुरत को महत्वपूर्ण समझते हुए ऑफिसर हेल्थ क्लब में आत्मरक्षा के विषय में उड़ान टीम के लिए ट्रेनिंग का आयोजन 23 -26 जुलाई 2018 को संध्या 5:00 से 6:30 के बीच मास्टर सुनील कुमार प्रसाद एवं शिल्पी दास द्वारा की गई सभी महिला कर्मचारियों को टाईकुंडो के गुण सिखाए गये ।







## उपलब्धियाँ




टाटा स्टील द्वारा इस वर्ष 27 अगस्त 2018 को दोराबजी टाटा जयंती समारोह के अवसर पर टाटा स्टील जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महिला कर्मचारियों के लिए इंटर डिवीजनल फुटबॉल और वॉटर पोलो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमे आई.एस.डब्ल्यू.पी. एल की महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया स वाटर पोलो की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में रिनी दे, बरखा पारेख, शिवांगी किरण, सोनी शर्मा, ज्योति कुमारी, सोनम प्रसाद, एकता कुमारी, और पिंकी कुमारी थी स सभी विजेताओं को बहुत बहुत बधाई।

# टी क्यू एम् की गतिविधियाँ

CHEAPER, BETTER, FASTER

## टॉप सजेस्टर

सुझाव योजना वह माध्यम है जिसके द्वारा कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर बनाने का प्रयास एवं नई सोच को व्यक्त करता है। कर्मचारियों को प्रेरित करने के तहत प्रत्येक त्रैमासिक अत्यधिक सुझाव देने वाले कर्मचारियों को टॉप सजेस्टर घोषित किया जाता है। इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में अत्यधिक सुझाव देने वाले कर्मचारियों (सौरव गुप्ता, चन्दन कुमार, अनिल कुमार, मोनिका शर्मा, सांतनु घोष) को प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया था।



## सजेसन डे :

प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को सुझाव दिवस मनाने का उद्देश्य गुणवत्ता सुझावों को प्रोत्साहित करना है। इस सुझाव दिवस में शत प्रतिशत ऑनलाइन सुझाव के साथ आये हुए सुझाव का जल्द से जल्द अनुसंधान कर चारो विभागों में से सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले के सुझाव को पुरस्कृत किया जाता है। इसी संदर्भ में, जुलाई माह में सौरव गुप्ता एवं जे.के. तिवारी (रॉड मिल), अमित कुमार (जेम्को), सुमीत कुमार राय, सौगता दत्ता को प्रबंध निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## के. एम् चौंपियन



प्रत्येक त्रैमासिक में अत्याधिक नालेज मैनेजमेंट पोर्टल में नालेज शेयर करने वाले विभाग को प्रबंध निदेशक द्वारा के.एम् ट्राफी से पुरस्कृत किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष प्रथम त्रैमासिक में रोल एवं कास्टिंग को के.एम् चौंपियन घोषित किया गया जिन्होंने 208 की संख्या में नॉलेज पीस के.एम् पोर्टल में साझा करके विजय हासिल की।

# टी पी एम् की गतिविधियां



टी.पी.एम् कंसलटेंट सुरजीत देव का आई.एस. डब्लू.पी में दो दिवसीय विजिट 23-24 अगस्त 2018 को था। रॉड मिल विजिट के दौरान कर्मचारियों द्वारा किये गए काइजन को सराहा तथा साथ ही उन्होंने नए काइजन करने के लिए प्रो प्रोत्साहित किया। वायर मिल में गन्दगी के श्रोतो को कम करने के लिए टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासों को श्री देव द्वारा सराहा गया। श्री देव ने जीशु होजेन के क्रियान्वन गति को बढ़ाने के लिए टीम को दिशानिर्देश दिए। सुधार परियोजना पर चल रहे कार्यों को श्री देव ने रॉड मिल एवं वायर मिल के कर्मचारियों के साथ चर्चा किया और उन्होंने किये जाने वाले सुधारों को बताया। ऑफिस टी.पी.एम् के तहत रिकॉर्ड रूम और आई.टी डिपार्टमेंट में किये गए प्रयासों को सराहा। उन्होंने पुरे प्लांट में 1एस, 2एस को पूर्ण रूप से करने का लक्ष्य सितम्बर तक निर्धारित किया है।

टी.पी.एम् की रीड़ की हड्डी कहे जाने वाले पीलर ऑटोनोमस मैंटनेंस (जीशु होजोन) को मजबूती एवं गति प्रदान करने के लिए हमारे प्रबंध निदेशक ने टी.पी.एम् पुरस्कार एवं सम्मान स्कीम की शुरुआत की जिसके अंतर्गत रॉड मिल, वायर मिल एवं बाइंडिंग वायर के कुछ टी.पी.एम् सर्किल ने निश्चित समय में जे.एच् स्टेप-2 ऑडिट को सफलता पूर्वक पार किया। इस उपलक्ष्य पर प्रबंध निदेशक ने सभी टीम मेंबर को गिफ्ट कूपन देकर सम्मानित किया।



प्रबंध निदेशक द्वारा रॉड मिल टीम को पुरस्कृत करते हुए



प्रबंध निदेशक द्वारा वायर मिल टीम को पुरस्कृत करते हुए



## संवाद






















संवाद वह माध्यम है जो मैनेजमेंट और यूनियन के बीच के संपर्क को मजबूती प्रदान करता है। 6 सितंबर 2018 को संवाद सत्र-3 सभी के सहयोग के फलस्वरूप आयोजन किया गया था।

प्रबंध निदेशक द्वारा कंपनी के उत्पादन एवं वित्तीय सम्बन्धी प्रदर्शन को साझा किया आगे आने वाले वर्षो में कंपनी में होने वाली विस्तारीकरण और लक्ष्यों तथा चुनौतियों को सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के तौर पर टाटा स्टील के मानव संसाधन प्रबंधन के उपाध्यक्ष माननीय सुरेश त्रिपाठी का आगमन आई इस डब्लू पी टीम के लिए एक विशेष स्थिति थी। अपने भाषन में उन्होंने यूनियन टीम का नित् नए तरीकों, सोच को अपने कार्यशैली में अपनाने की बात कही। यूनियन अध्यक्ष श्री के पी, महासचिव अधिकारी तथा अमित सर्कार ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने विचरों को सभी से साझा किया।

## ध्यान एवं योग

गत 30 जुलाई 2018 को कंपनी के खेल विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए मेडिटेशन (धयान) और योग द्वारा स्वस्थ जीवन तथा तनाव मुक्त रहने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में योग गुरु श्री अरविन्द प्रसाद (खेल विभाग ,टाटा स्टील) ने योग के विभिन्न आसनों और खान पान की उचित जानकारी की बारीकियों से सभी को अवगत किया।



## सौर्य ऊर्जा उत्पादन



नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग आज संगठनात्मक सतत् विकास का हिस्सा बन गया है। 9 अगस्त 2018 का दिन आई एस डब्ल्यू पी के लिए ऐतिहासिक रहा। माननीय प्रबंध निदेशक द्वारा 10 किलो वाट सौर ऊर्जा प्रणाली का उदघाटन किया गया। समारोह में विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन सदस्य मौजूद थे। सोलर सिस्टम का यह विकल्प परंपरागत ऊर्जा के लिए है जिसमे न केवल पैसे की बचत होती है बल्कि पृथ्वी पर अन्य मूल्यवान प्रभाव भी पड़ते हैं जैसे प्राकृतिक संसाधन की बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी एवं सम्पूर्ण रूप से संगठन की एक जिम्मेदार उद्योग के रूप में उभरती है।



## स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त भारत के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन, अंग्रेजो की गुलामी से हमारे देश को आजादी मिली थी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आई.एस. डब्ल्यू.पी एवं जेम्को परिसर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया गया स इस मौके पर प्रबंध निदेशक ने सभी कर्मचरियों को 72वी वर्षगांठ की बधाई दी और इस की महत्ता को बताते हुए देश और आई.एस. डब्ल्यू. पी में हुए विकास और आगे आने वाले वर्षों में कंपनी के विस्तारीकरण की योजना को कर्मचारियों से साझा किया।





## नोएल टाटा द्वारा नवल टाटा हॉकी अकादमी का भ्रमण



नोवेल टाटा, नवल टाटा के पुत्र है। वर्तमान में ये टाटा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्यरत है। 16 अगस्त 2018 को नोवेल टाट तारकंपनी स्थित नवल टाटा हॉकी अकादमी का दौरा किये इस अवसर में कंपनी के चेयरमैन सुनील भास्करन, प्रबंध निदेशक नीरज कांत, टाटा स्टील एवं आई.एस.डब्ल्यू.पी के उच्च पदाधिगण उपस्थित थे।

हमारी पत्रिका "तार समाचार" आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव TQM विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : tqm@iswp.co.in / rakesh.babu@iswp.co.in
मुद्रित : स्टील सिटी प्रेस लि०